तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुयें
29-04-2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता फरिकेन उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता अप्रार्थीपक्ष द्वारा दस्तावेज पेश कर अवगत कराया कि प्रकरण से संबंधित विवाद के संबंध में याचिकाकर्ता द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के समक्ष S.B.CIVIL. WRIT PETITION NO. 18829/2025 प्रस्तुत की गई थी। जिसका निर्णय दिनांक 20.11.2025 को पारित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त रिट याचिका का निस्तारण करते हुए ग्राम पंचायत डायलना कलां को निर्देशित किया गया है कि वह विवादित विषय में विधि अनुसार पुनः निर्णय करें तथा सभी संबंधित पक्षकारों को सुनवाई का अवसर प्रदान करे। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि उक्त कार्यवाही पुनरीक्षण न्यायालय के अवलोकनों से प्रभावित हुए बिना की जाए। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 08.10.2025 को पारित अंतरिम संरक्षण आदेश को ग्राम पंचायत द्वारा अंतिम निर्णय किए जाने तक प्रभावी बनाए रखा गया है। उपरोक्त परिस्थितियों में यह स्पष्ट है कि वर्तमान में प्रकरण में मांगी गई राहत माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रदान की जा चुकी है, अतः हस्तगत प्रकरण अब अप्रभावी (Infructuous) हो चुका है। अतः प्रकरण को इसी मुताबिक खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाली, जिला-पाली	

Scanned with OKEN Scanner